आईआईएम के आयोजन में आज प्रकाश आमटे

रायपुर। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बाबा आमटे और उनकी पत्नी मंदाकिनी आमटे 2 मार्च को आईआईएम रायपुर के ज्ञान वर्षा कार्यक्रम में शामिल होंगे। आमटे और उनकी पत्नी मंदाकिनी आमटे को उनके सामाजिक कार्यों के लिए 2008 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले और पड़ोसी राज्य तेलंगाना और मध्य प्रदेश में माडिया गोंडों के बीच 'लोक बिरादरी प्रकल्प' चलाते हैं। नवंबर 2019 में उन्हें बिल गेट्स द्वारा आईसीएमआर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

Navbharat,My City,02 March 2024,P.01